Mahatma Gandhi Shati Smarak Mahavidyalaya,

Garua Maksoodpur, Ghazipur

Extension Activities

Education for All Awareness Campaign

13 March 2022

पंचम दिवस

दिनांक : 13.03.2022

आज दिनांकः 09.03.2022 को नित्य की भांति प्रातःकाल शिविर स्थल की सफाई करते हुए 9:00 बजे तक प्रार्थना एवं व्यायाम के कार्यक्रम में सभी स्वयंसेवक एवं सेविकाऐं सम्मिलित हुए। इसके पश्चात् स्वयंसेवक एवं सेविकाओं का उपस्थिति पंजिका पर हस्ताक्षर कराया गया। नाश्ता आदि के उपरान्त सभी स्वयंसेवक एवं सेविकाऐं अपने–अपने परियोजना कार्य के अन्तर्गत विगत दिवस की रिपोर्ट यूनिट लीडर द्वारा कार्यक्रम अधिकारी को प्रस्तुत की गयी तृतपश्चात् चयनित ग्राम–**गरुआ मकसूदपुर** में जाकर साक्षरता अभियान के अंतर्गत ***सब पढ़ें और सब बढ़े,*** कार्यक्रम चलाकर लोगों को जागरूक करते हुए बताया कि शिक्षा व्यक्ति का जन्म–सिद्ध अधिकार है। प्रत्येक व्यक्ति को शिक्षित होना अपरिहार्य है, क्योकि शिक्षा बिना मनुष्य पशु के सामान है। शिक्षा से व्यक्ति सामाजिक कार्य एवं तौर–तरीके को सीखता है अपनी संस्कृति को बचाये रखता है, नैतिक मूल्यों को पहचानता है। इसके बाद स्वयंसेवक एवं सेविकाओं ने ग्राम गरुआ मकसूदपुर में जाकर अनपढ़ महिलाओं एवं पुरुषों को जागरुक करने का प्रयास किया और साक्षर होने के लिए लोगो को प्रोत्साहित किया। इस विषय से सम्बन्धित कुछ स्लोगन जैसे ***सब पढ़े सब बढ़ें, पढ़ी लिखी नारी घर में उजियारी, पढ़ लो बहना, पढ़ लो भाई, पढ़ना लिखना है सुखदाई, पढ़ना लिखना है आसान, पढ़ लिख कर सब बने महान***; के माध्यम से अपनी झांकी को ग्राम में दिखलाया जिसमें ग्रामवासीयों ने बड़ी उत्सुकता

कार्यक्रम अधिकारी (रा०से०यो०)
महात्मा गांधी शती स्मारक महाविद्यालय
गरूआ, मकसूदपुर-गाजीपुर

के साथ समझने का प्रयास किया। दोपहर 01:30 तक भोजन करने करने के उपरान्त सभी स्वयंसेवक एवं सेविकाऐं 2:30 तक विश्राम किये। दोपहर 2:30 से 4:30 तक बौद्धिक परिचर्चा के अन्तर्गत **राष्ट्रीय साक्षरता मिशन** पर विचार गोष्ठी का कार्यक्रम आयोजित किया गया । इस विषय पर डॉ0 रमाशंकर यादव ने जनसंख्या नियंत्रण के उपाय और परिवार नियोजन जैसी बातों को बताया। सायं के समय सभी स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाऐं खेलकूद एवं ग्राम में साफ–सफाई का कार्य किया। तत्पश्चात इकाई की समितियों की बैठक आयोजित करते हुए विभिन्न कार्यों का मूल्यांकन किया गया। इस कार्यक्रम के पश्चात् सेवक एवं सेविकाओं हस्ताक्षर उपस्थिति पंजिका पर कराया गया। कार्यक्रम के समापन की घोषणा करते हुए कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 रमाशंकर यादव द्वारा सभी स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाओं को विश्राम हेतु आदेशित किया गया।

कार्यक्रम अधिकारी (रा०से०यो०)
महात्मा गांधी शती स्मारक महाविद्यालय
गरूआ, मकसूदपुर-गाजीपुर

बौद्धिक सत्र के दौरान छात्र–छात्राओं को जागरुक करते महाविद्यालय के प्राध्यापक।

कार्यक्रम अधिकारी (रा०से०यो०
महात्मा गांधी शती स्मारक महाविद्याल
गरुआ, मकसूदपुर-गाजीपुर